महापौर ने भरा जनगणना ऑनलाइन स्व गणना फॉर्म



## खबर संक्षेप

### बाल विवाह रोकने जिला प्रशासन के निर्देश जारी

**रायगढ़।** अक्षय तृतीया के अवसर पर जिले में बाल विवाह की रोकथाम हेतु कड़े दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अक्षय तृतीया के शुभ मुहूर्त पर होने वाले विवाहों में यह सुनिश्चित किया जाए कि कहीं भी बाल विवाह न हो। जिला प्रशासन द्वारा जिले के प्रत्येक ग्राम में मुनादी कराने और व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए गए हैं, ताकि ग्रामीणों को बाल विवाह के कानूनी दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया जा सके। प्रत्येक ग्राम पंचायत में अनिवार्य रूप से "विवाह पंजी" संधारित करने के निर्देश दिए गए हैं, जिसमें विवाह करने वाले वर-वधु की आयु का स्पष्ट उल्लेख होगा। बाल विवाह की सूचना मिलते ही तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विशेष "रेस्क्यू टीम" का गठन किया गया है। यह टीम अक्षय तृतीया के अवसर पर सक्रिय रहेगी और संदिग्ध मामलों की जांच कर त्वरित कार्रवाई करेगी। जिला प्रशासन रायगढ़ द्वारा समस्त नागरिकों से अपील की गई है कि समाज की इस कुरीति को रोकने में अपना सहयोग प्रदान करें। यदि कहीं भी बाल विवाह होने की सूचना मिलती है, तो तत्काल चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181 एवं पुलिस सहायता 112 नंबरों पर संपर्क करें।

### 3 थानों में अवैध शराब पर कार्रवाई, 4 गिरफ्तार

**रायगढ़।** ऑपरेशन आघात के तहत पुलिस ने तीन थाना क्षेत्रों में ताबड़तोड़ छापेमार कार्यवाही की। इस दौरान ताड़ी और महुआ शराब की बड़ी मात्रा में जब्ती की गई और चार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देशन में 18 और 19 अप्रैल को चक्रधरनगरए पूंजीपथरा और लैलूंगा थाना क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य अवैध शराब के कारोबार पर पूरी तरह लगाम लगाना है। चक्रधरनगर थाना पुलिस ने ग्राम टारपाली में दबिश देकर एक आरोपी को रंगे हाथों पकड़ लिया। आरोपी के पास से करीब 40 लीटर ताड़ी जब्त की गई, जिसकी कीमत लगभग 4 हजार रुपये बताई जा रही है। वहीं, पूंजीपथरा थाना क्षेत्र में पुलिस ने जंगल के पास कार्रवाई करते हुए एक युवक को पकड़ाए जो महुआ शराब बेचने की फिराक में ग्राहक का इंतजार कर रहा था। उसके पास से 10 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद की गई। लैलूंगा थाना पुलिस ने भी दो अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनसे कुल 27 लीटर महुआ शराब जब्त की गई। सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

## 25 केएल मिट्टी तेल का मिला आबंटन, पीडीएस में अब भी नहीं पहुंचा स्टॉक

# कीमत इतनी कि राशन दुकान संचालक बिक्री करना नहीं चाह रहे मिट्टी तेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

मीडिल ईस्ट में चल रहे युद्ध की वजह से रसोई और व्यवसायिक गैस सिलेण्डरों की आपूर्ति में आ रही दिक्कत के बीच शासन ने फिर से राशन दुकानों में केरोसीन का वितरण करने का आदेश दिया है। इसके लिए रायगढ जिले में 60 किलो लीटर केरोसीन आबंटित किया जाना है, लेकिन वर्तमान में पहले चरण में 25 किलो लीटर केरोसीन का आबंटन प्राप्त हुआ है। किंतु केरोसीन के वितरण को लेकर पीडीएस दुकान संचालक रूचि नहीं ले रहे हैं। ऐसे में जरूरत के हिसाब से तीन चरणों में केरोसीन मंगाने की बात विभागीय अधिकारी कर रहे हैं।

गौरतलब है कि वर्तमान में ईरान, ईजराइल और अमेरिका के बीच भले ही कुछ दिनों का युद्धविराम लागू हो गया है, लेकिन स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। ऐसे में रसोई गैस और कमर्शियल गैस सिलेंडरों की किल्लत से लोगों को कई तरह की परेशानियों उठानी पड रही हैं। एजेंसियों में गैस लेने के लिए कतार लग रहे हैं तो वहीं शादी सीजन होने की वजह से कमर्शियल सिलेण्डर भी पर्याप्त मात्रा मे उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। बीते कुछ दिनों से गैस के बडे वाहन भी नहीं आ रहे हैं, ऐसे में लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। इसी बीच परेशानियों को देखते हुए राज्य सरकार ने उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से केरोसीन के वितरण को फिर से अनुमति दी है । शासन ने रायगढ़ जिले में 60 किलो लीटर केरोसीन के आबंटन की अनुमति दी है। जिसके तहत खाद्य विभाग ने सभी 665 पीडीएस दुकानों में केरोसीन के वितरण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार पहले चरण में 25 किलो लीटर केरोसीन का आबंटन प्राप्त हुआ है। जिसे पीडीएस दुकानों में वितरित किया जाना है, लेकिन केरोसीन लेने में पीडीएस दुकान संचालक इसमें रूचि नहीं ले रहे हैं। सूत्र बता रहे हैं कि केरोसीन की कीमतों में पहले से काफी उछाल देखने को मिल रहा है, जिसकी वजह से ही पीडीएस दुकान संचालक इससे पीछे हटते नजर आ रहे हैं। राज्य शासन ने केरोसिन का समय-सीमा में उठाव और वितरण सुनिश्चित करने का कहा है । इसके साथ ही स्थानीय स्तर पर प्रचार-प्रसार कर हितग्राहियों को उनकी पात्रता की जानकारी देने को निर्देशित किया गया है । मुख्य बात यह है कि जिन उचित मूल्य दुकानों में केरोसिन की मांग कम है, वहां शेष स्टॉक को जरूरत वाले दुकानों में पुनः आबंटित किया जाएगा। इससे किसी भी क्षेत्र में केरोसिन की कमी न हो और सभी पात्र हितग्राहियों को निर्धारित मात्रा मिल सकेगा।

**कई महीनों में मिल रहा है आबंटन, पहले रहता था इंतजार**



रायगढ जिले में 60 किलो लीटर केरोसीन का आबंटन प्राप्त हुआ है। वर्तमान में 25 किलो लीटर की आपूर्ति हुई है, जिसे पीडीएस दुकानों में उनकी डिमांड के अनुसार सप्लाई करनी है।

**अंजनी राव, सहायक खाद्य अधिकारी**

### उज्ज्वला योजना ने घटा दी थी डिमांड

शहरी सहित मुख्य रूप से ग्रामीण इलाकों में गैस व बिजली के बाद आज भी कई लोग पारंपरिक ईंधन के रूप में केरोसीन का उपयोग को प्राथमिकता देते हैं। वर्ष 2018 में उज्जवला गैस योजना लागू होने के बाद इसकी सप्लाई कम कर दी गई थी । इसके साथ ही कैरोसीन के दामों में बेतहाशा वृद्धि देखी गई । एक समय ऐसा भी आया जब केरोसीन की कीमतें 80 रूपए से पार पहुंच गई थीं । इस वजह से लोगों ने भी केरोसिन लेना कम कर दिया था। वहीं डिमांड नहीं आने के कारण इसकी सप्लाई ही रोक दी गई । किंतु अब केन्द्र सरकार के आदेश के बाद राज्य शासन ने एक बार फिर केरोसिन की सप्लाई बढ़ाने की तैयारी की है । केंद्र से मिले आदेश के तहत जिले में केरोसीन की सप्लाई सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए गए हैं ।

### अंत्योदय और प्राथमिकता को होगा वितरण

वर्तमान में राज्य शासन से 25 किलो लीटर केरोसीन का आबंटन प्राप्त हुआ है, ऐसे में पीडीएस दुकानों में इसके वितरण को लेकर प्रक्रिया चल रही है। यह केरोसिन उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से अंत्योदय और प्राथमिकता श्रेणी के सभी राशनकार्डधारियों को वितरित किया जाना है । विभागीय जानकारी के अनुसार शहरी क्षेत्रों में प्रति राशनकार्ड अधिकतम 1 लीटर और ग्रामीण क्षेत्रों (अनुसूचित एवं गैर-अनुसूचित) में अधिकतम 2 लीटर केरोसिन वितरित किया जाएगा ।

### 30 अप्रैल तक उठाव अनिवार्य

शासन के आदेश के तहत अप्रैल माह के लिए आवंटित केरोसिन का उठाव 30 अप्रैल 2026 तक अनिवार्य रूप से करना होगा । केरोसिन अब राशन दुकानों में नहीं के बराबर उपलब्ध है । इसी बीच 80 रुपए प्रति लीटर के पार केरोसिन की कीमत पहुंच गई थी । इसके बाद राशन दुकानदारों ने केरोसिन की डिमांड करना ही बंद कर दिया । कुछ दुकानों में हितग्राही लगातार केरोसिन की मांग करते रहे, लेकिन कीमत की वजह से कई दुकानदारों ने ऑर्डर ही नहीं भेजा।



## ट्रेलर ने मारी टक्कर, पोती की मौके पर मौत, दादा गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

कृष्णा नगर निवासी वृद्ध अपनी पोती के साथ स्कूटी में भगवानपुर से राशन लेकर लौट रहे थे, इसी बीच पीछे से आ रहे ट्रेलर ने उन्हें ठोकर मार दिया। जिससे 14 वर्षीय पोती की मौत हो गई, वहीं वृद्ध भी बुरी तरह से घायल हो गए। इस हादसे के बाद परिजनों ने घटना स्थल पर शव रखकर कडी कार्रवाई की मांग करते हुए चक्काजाम कर दिया। किंतु पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के समझाइश के बाद वे मान गए और चक्काजाम समाप्त कर दिया गया।

रविवार की सुबह कृष्णा नगर निवासी पितरूस तिर्की अपनी पोती ममता तिर्की 14 के साथ भगवानपुर स्थित उचित मूल्य की दुकान राशन लेने के लिए अपनी स्कूटी क्रमांक सीजी 13 1465 में गए थे। वे पीडीएस दुकान से करीब 11 बजे राशन लेकर लौट रहे थे, इसी बीच सीएमओ तिराहा के पास पीछे से आ रही तेज रफ्तार ट्रेलर ने उनकी स्कूटी को ठोकर मार दी। जिससे स्कूटी में सवार ममता तिर्की सडक की ओर गिर गई और ट्रेलर के पहिए की चपेट में आ गई। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं पितरूस तिर्की भी दूर जा गिरे, जिससे वे बुरी तरह से घायल हो गए। घटना के बाद आस-पास में मौजूद लोग घटना स्थल पर पहुंचते आरोपी वाहन चालक वाहन सहित फरार हो गया। जिसके बाद इस हादसे की सूचना पाकर परिजन भी घटना स्थल पर पहुंच गए और सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए शव को सडक पर रख कर चक्काजाम कर दिया। इधर हादसे और चक्काजाम की सूचना मिलने के बाद कोतरा रोड व यातायात पुलिस मौके पर पहुंची, जहां मृतिका के परिजनों को समझाइश देने का प्रयास किया जाने लगा, लेकिन परिजनों ने अधिकारियों की एक ना सुनी और वाहन चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। करीब आधे घंटे से अधिक समय तक चले चक्काजाम और प्रदर्शन की वजह से इस मार्ग से गुजरने वाले वाहनों पर ब्रेक लग गया। काफी समझाइश के बाद आखिरकार परिजनों ने अधिकारियों की बात मानी और चक्काजाम खत्म कर दिया। मौके पर परिजनों को सहायता राशि उपलब्ध कराई गई।

### पुसौर में भी सडक हादसा, युवक की मौत

पुसौर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बडे भण्डार चौक के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गई। सूचना मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंच गए, जहां उन्होंने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार भानूलाल सिदार पिता अहिवरण सिदार अपनी मोपेड क्रमांक सीजी 13 एडब्ल्यू 7607 से ग्राम बोंदा से कोतमरा शादी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जा रहा था। इसी बीच शाम करीब साढे 5 बजे बडे भंडार के समीप बाजार चौक में एक अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार ठोकर मार दी। जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गया, किंतु उसे अस्पताल ले जा पाते इससे पहले ही उसने दम तोड दिया। वहीं दूसरी ओर पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध करते हुए उसकी पतासाजी कर रही है।

सीएमओ तिराहा के पास कृष्णा नगर निवासी दादा और पोती को पीछे से ट्रेलर ने अपनी चपेट में ले लिया, जिससे नाबालिग की मौत हो गई, वहीं वृद्ध गंभीर है। जिसका इलाज चल रहा है। आरोपी ट्रेलर चालक की पतासाजी की जा रही है।

**सुशांतो बनर्जी, डीएसपी, रायगढ**

## 25 लाख के गुम 128 मोबाइल बरामद पुलिस ने लौटाया, मालिकों के चेहरे खिले

**रायगढ़।** साइबर पुलिस थाना रायगढ़ ने 128 गुम और चोरी हुए मोबाइल फोन रिकवर कर उनके असली मालिकों को सौंप दिए। इन मोबाइल की कुल कीमत 25 लाख 60 हजार रुपये से अधिक बताई जा रही है।

पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित कार्यक्रम में एसएसपी शशि मोहन सिंह, एडिशनल एसपी अनिल कुमार सोनी, साइबर डीएसपी उन्नति ठाकुर और साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक विजय चेलक की मौजूदगी में मोबाइल वितरित किए गए। इस पूरी कार्रवाई में भारत सरकार के सीईआईआर पोर्टल ने अहम भूमिका निभाई। जैसे ही कोई व्यक्ति अपना मोबाइल गुम होने की रिपोर्ट सीईआईआर पर दर्ज करता है। संबंधित सिम ब्लॉक कर दी जाती है और मोबाइल की ट्रैकिंग शुरू हो जाती है। नई एक्टिविटी मिलते ही पुलिस लोकेशन ट्रेस कर कार्रवाई करती है। इसी प्रक्रिया के जरिए साइबर टीम ने बिहार, कोलकाता सहित कोरबा, जांजगीर और रायगढ़ जिले के विभिन्न क्षेत्रों से मोबाइल बरामद किए। प्राप्त शिकायतों पर कार्यवाही करते हुए



128 मोबाइल फोन सफलतापूर्वक ट्रेस किए। ये मोबाइल बिहार, कोलकाता सहित सीमावर्ती जिले कोरबा, जांजगीर तथा रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़, घरघोड़ा, पूंजीपथरा, तमनार, छाल और खरसिया क्षेत्रों में उपयोग में पाए गए, जिन्हें संबंधित उपयोगकर्ताओं से संपर्क कर वापस प्राप्त किया गया और आज आयोजित कार्यक्रम में उनके स्वामियों को सौंपा गया। बरामद मोबाइल में वीवो, ओप्पो, रेडमी, पोको, रियलमी, वनप्लस, सैमसंग एवं मोटोरोला जैसे ब्रांडेड और महंगे मोबाइल शामिल हैं, जिनकी कुल कीमत 25 लाख 60 हजार रुपये से अधिक है। कार्यक्रम के दौरान एसएसपी शशि मोहन सिंह ने साइबर थाना के स्टाफ से मोबाइलों का वितरण कराया गया, उन्होंने कहा कि आज के समय में मोबाइल केवल संचार का साधन नहीं बल्कि बैंकिंग, महत्वपूर्ण दस्तावेज और व्यक्तिगत यादों को सहेज कर रखने का अहम माध्यम बन चुका है। ऐसे में मोबाइल गुम होना किसी भी व्यक्ति के लिए बड़ा नुकसान है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी अन्य का गुम मोबाइल उपयोग करना गैरकानूनी है, इसलिए यदि किसी को मोबाइल मिले तो उसे तत्काल नजदीकी थाना या साइबर थाना में जमा करें।

## टूटा रिश्ता, प्रताड़ना से तंग आकर युवती ने दी जान

**रायगढ़।** चक्रधरनगर थाना क्षेत्र में युवती की आत्महत्या के मामले में पुलिस जांच ने एक चौंकाने वाला सच सामने लाया है। मर्ग जांच के बाद पुलिस ने युवती को आत्महत्या के लिए उकसाने और मानसिक प्रताड़ना देने के आरोप में उसके मंगेतर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। मामले के अनुसार, युवती का विवाह मई 2025 में ग्राम चुहकीमाल निवासी केशव पटेल से तय हुआ था और दिसंबर 2025 में शादी होना प्रस्तावित था। लेकिन शादी से ठीक एक सप्ताह पहले रिश्ते में दरार आ गई। युवती ने अपने परिजनों को बताया कि उसका मंगेतर उसे धोखा दे रहा है और किसी अन्य युवती से प्रेम संबंध में है, जिससे वह शादी करना चाहता है।बताया जा रहा है कि आरोपी लगातार फोन कर युवती को मानसिक रूप से प्रताड़ित करता था।

### आद्याशा को विधायक लालजीत ने दी बधाई

**रायगढ़।** सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा में प्रदेश में टॉप करने वाली छात्रा आद्याशा परिदा को उनकी इस सफलता के लिए धरमजयगढ़ विधायक लालजीत सिंह राठिया ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उन्होंने कहा कि आद्याशा इसी तरह पढ़ाई कर क्षेत्र का नाम रोशन करेगी। इस दौरान उन्होंने आद्याशा के माता पिता को भी बधाई दी हैं। आद्याशा बोर्ड परीक्षा में 99०80 फीसदी अंकों के साथ पूरे प्रदेश में टॉप किया है। जो क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है।








### अधिकांश सेंटरों में इसी तरह के नजारे, कड़ाई से बढ़ी परेशानी

# 10 मिनट पहले गेट बंद, एंट्री नहीं मिली तो फाड़ा एडमिट कार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

परिवहन आरक्षक भर्ती परीक्षा में रविवार को उस समय हंगामा खड़ा हो गया। जब 10 मिनट पहले गेट बंद कर दिया गया और परीक्षार्थियों को एंट्री नहीं दी। परीक्षार्थी मिन्नते करते रहे लेकिन वहां तैनात अधिकारियों का दिल नहीं पसीजा। इससे गुस्साएं अभ्यर्थियों ने गेट के सामने ही जहां हंगामा करना चालू कर दिया। वहीं एडमिट कार्ड फाड़कर विरोध जताया।

परीक्षा दिलाने पहुंचे कुछ परीक्षार्थी नटवर स्कूल के बाहर अपनी बाइक लगाकर भीतर जाने का प्रयास कर ही रहे थे कि उन्हें समय पूरा होने का हवाला देते हुए परीक्षा में बैठने नहीं दिया गया, जबकि परीक्षार्थियों की मानें तो वे महज 10 से 15 मिनट पहले ही पहुंचे थे और उनके पास पूरा समय था। इसके बाद भी उन्हें परीक्षा में बैठने नहीं दिया गया। जिसका परीक्षार्थियों ने कडा विरोध किया और परीक्षा केन्द्र के बाहर प्रवेश पत्र की प्रतियां फाड कर विरोध किया। इसी तरह अन्य परीक्षा केन्द्रों में भी की जाने वाली कडाई की वजह से परीक्षार्थियों की परेशानी बढ गई और वे परेशान होते नजर आए। छत्तीसगढ व्यवसायिक परीक्षा मंडल द्वारा रविवार को आयोजित परिवहन आरक्षक भर्ती परीक्षा में 39 फीसदी परीक्षार्थी शामिल ही नहीं हुए। वहीं दूसरी ओर कुछ परीक्षा केन्द्रों के बाहर परीक्षार्थियों ने प्रदर्शन करते हुए प्रवेश पत्र की प्रतियां भी फाड दी। परीक्षार्थियों का कहना था कि वह निर्धारित समय पर परीक्षा केन्द्र पहुंच गए थे, लेकिन उन्हें एंट्री नहीं दी गई। व्यापम ने परिवहन आरक्षक के 50 पदों के लिए 30 जनवरी से 24 फरवरी तक आवेदन मंगवाए थे। इस पद के लिए जिले से 5 हजार 987 अभ्यर्थियों ने पंजीयन कराया था। रविवार को आयोजित परीक्षा में 3 हजार 644 परीक्षार्थी उपस्थित हुए, जबकि 2 हजार 343 परीक्षार्थियों ने परीक्षा ही नहीं दिलाई। जिले में इस भर्ती परीक्षा के लिए 24 परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे। परीक्षा का समय सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक था। इस परीक्षा में छत्तीसगढ के सामान्य ज्ञान के कई रिपीटेड प्रश्न पूछे गए थे, वहीं सामान्य ज्ञान संकाय से भी साधारण प्रश्न पूछे गए थे। जबकि इस बार आर्थिक सर्वेक्षण से अधिक प्रश्न देखने को मिले। बीते कुछ समय से व्यापाम द्वारा आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं में परीक्षार्थियों की उपस्थिति लगातार घटती जा रही है। इस परीक्षा में भी यही हाल देखने को मिला, इस परीक्षा में कुल पंजीकृत परीक्षार्थियों में से करीब 39 फीसदी ने परीक्षा ही नहीं दिलाई।





### कई केन्द्रों में 50 फीसदी तक अनुपस्थित दर्ज

इस परीक्षा के लिए बनाए गए 24 परीक्षा केन्द्रों में कई परीक्षा केन्द्र ऐसे भी थे, जहां 50 से 55 फीसदी तक परीक्षार्थियों की अनुपस्थिति दर्ज की गई। उपस्थिति पत्रक पर नजर डाले तो 50 फीसदी तक अनुपस्थित रहने वाले परीक्षा केन्द्रों में मुख्य रूप से टारपाली, तरकेला शासकीय विद्यालय, कृषि महाविद्यालय, शासकीय हाई स्कूल राजीव नगर, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल रामभाठा और जूटमिल, यहां सबसे ज्यादा परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### अक्षय तृतीया पर प्याऊ का शुभारंभ

**जशपुरनगर।** भीषण गर्मी के बीच प्यासे लोगों को राहत पहुंचाने की भावना से गुलाबचंद जैन परिवार, जशपुर द्वारा अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर एक प्याऊ का शुभारंभ किया गया। एन.ई.एस. कॉलेज के समीप स्थापित इस प्याऊ में राहगीरों के लिए शुद्ध एवं ठंडे पेयजल की व्यवस्था की गई है, ताकि आने-जाने वाले लोग अपनी प्यास बुझा सकें। इस अवसर पर उपस्थित नगरपालिका जशपुर के अध्यक्ष श्री अरविंद भगत ने गुलाबचंद जैन परिवार की इस सेवा भावना की सराहना करते हुए कहा कि समाज के अन्य लोगों को भी ऐसी जनहितकारी पहल से प्रेरणा लेनी चाहिए और आवश्यकता वाले स्थानों पर इस प्रकार के कार्यों को छोटे बड़े रूप में आगे बढ़ाना चाहिए।गौरतलब है कि गुलाबचंद जैन परिवार पूर्व में भी महाराजा चौक में जनसेवा हेतु एक प्याऊ का निर्माण कराया गया है।

### ओपीएस की हर्ष मन्नू सातवीं एशियाई स्वात स्पर्धा में करेंगी भारत का प्रतिनिधित्व

**अम्बिकापुर।** ओरिएण्टल पब्लिक स्कूल के कक्षा-9वीं की छात्रा एवं रंजित केरकेट्टा की पुत्री हर्ष मन्नू केरकेट्टा का चयन राष्ट्रीय स्वात टीम में हुआ है। हर्ष मन्नू नेपाल के काठमांडु में आयोजित होने वाले सातवीं एशियाई स्वात चैम्पियशिप 2026 में भाग लेगी, जिसमें भारत, नेपाल, जापान, चीन, हांगकांग, थाइलैंड, न्यूजीलैंड, इन्डोनेशिया, उज्वेकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान आदि के चयनित स्वात खिलाड़ी भाग लेंगे। यह आयोजन 30 अप्रैल से 3 मई तक होगा। हर्ष मन्नू केरकेट्टा ने राष्ट्रीय स्वात स्पर्धा के 17 वर्ष आयु वर्ग में 40-42 किलो भारवर्ग रजत पदक प्राप्त कर और अपने बेहतर प्रदर्शन के दम पर राष्ट्रीय दल में अपनी जगह बना पाई है। हर्ष मन्नू की इस उपलब्धि पर विद्यालय में अत्यन्त हर्ष का महौल है और इसके प्रदर्शन से खुश होकर और हर्ष मन्नू की हौसला अफजाई करने हेतु शनिवार को विद्यालय प्रबंधन की ओर से उप प्राचार्य तहसीन अहमद खान ने हर्ष मन्नू केरकेट्टा को सम्मानित किया एवं एशियाई स्वात स्पर्धा में और अच्छे प्रदर्शन हेतु शुभकामनाएं दी एवं विद्यालय प्रबंधन ने हर्ष मन्नू के प्रशिक्षण हेतु विशेष रूप से स्वात के राष्ट्रीय विशेषज्ञ को यह दायित्व दिया है।

### आमगांव खदान में हीट वेव से बचाव हेतु एक दिवसीय सुरक्षा कार्यशाला

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के आमगांव खदान में हीट वेव (लू) से बचाव, सुरक्षा संस्कृति के उन्नयन और कार्य-दक्षता में वृद्धि को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में खदान के अधिकारी, सुपरवाइजर, विभागीय कर्मचारी एवं ठेकेदार आशीर्वाद के कामगारों ने भाग लिया। कार्यक्रम में केंद्रीय चिकित्सालय एसईसीएल बिश्रामपुर से अतिथि वक्ता डॉ. हर्षवर्धन सिंह, क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी बेचन सिंह एवं खान प्रबंधक गणेश प्रसाद कुम्हार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यशाला की शुरुआत सुरक्षा अधिकारी द्वारा खदान में दिन के समय कार्य के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी के साथ हुई। इसके पश्चात डॉ. हर्षिवर्धन सिंह ने तेज धूप और गर्मी के दौरान काम करते समय स्वास्थ्य संबंधी जोखिमों और उनसे बचाव के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी। अंत में क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी बेचन सिंह ने हीट वेव के प्रभाव, लक्षण एवं उससे बचने के लिए आवश्यक सुरक्षा उपायों पर प्रकाश डालते हुए कर्मचारियों को जागरूक किया।

### मासूम बालक पर गिरा विद्युत पोल, मौत

**अम्बिकापुर।** पड़ोसी के घर के पास खड़े मासूम पर विद्युत पोल गिर गया। पोल की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हुए बालक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाते समय रास्ते में मौत हो गई। राजपुर थाना अंतर्गत ग्राम पोखनिया निवासी तुषार आ. मनिजर (6 वर्ष) गत दिन पड़ोसी मनोहर के घर वैवाहिक कार्यक्रम शुरू होने पर गया था। इसी बीच विवाह के लिए मंडप लेकर आए और घर के सामने बिना स्पोट में खड़े किए विद्युत पोल के सहारे सराई के मंडप को खड़ा किए। सराई मंडप का भार पड़ने पर बिना स्पोट के खड़ा विद्युत पोल गिर गया जिसके चपेट में आने से बालक गंभीर रूप से घायल हो गया।

### 19 दिन बाद दोनों आरोपी गिरफ्तार

# छोटे साले और भाभी ने जीजा को पीटा, इलाज के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के कोतबा चौकी क्षेत्र के फरसाटोली गांव में पारिवारिक विवाद ने खूनी रूप ले लिया। छोटे साले और उसकी भाभी ने मिलकर अपनी ही बहन के पति की लात-घूंसों और डंडे से बेरहमी से पिटाई कर दी। गंभीर चोटों के बाद घायल जीजा की इलाज के दौरान मौत हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सीने की चोट से हत्या की पुष्टि होने पर पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान मुरली राम यादव उम्र 40 वर्ष निवासी फरसाटोली के रूप में हुई है। आरोपी शिवकुमार यादव उम्र 35 वर्ष और मिथिला यादव उम्र 37 वर्ष को गिरफ्तार किया गया है। दोनों के खिलाफ हत्या के आरोप में बीएनएस की धारा 103(1) और 3(5) के तहत मामला दर्ज किया गया है। 30 मार्च को मुरली राम यादव के घर बेटे का जन्मदिन मनाया गया था। केक काटने के बाद उसकी पत्नी अपने बेटे के साथ मिठाई देने मायके गई थी। देर रात करीब 11 बजे मुरली राम शराब के नशे में ससुराल पहुंच गया, जहां उसका छोटे साले शिवकुमार यादव और बड़े साले की पत्नी मिथिला यादव से विवाद शुरू हो गया। बताया जा रहा है कि मृतक और उसकी पत्नी का प्रेम विवाह हुआ था, जिससे दोनों पक्षों में पहले से तनाव बना रहता था। इसी पुरानी रंजिश को लेकर झगड़ा बढ़ गया।



#### सीने-पेट पर बरसाए लात घूंसे

पुलिस जांच में सामने आया कि शिवकुमार यादव ने मुरली राम को जमीन पर पटक दिया और उसके सीने व पेट पर चढ़कर लात-घूंसों से हमला किया। वहीं मिथिला यादव ने डंडे से मारपीट की। बीच-बचाव के बाद आरोपियों ने उसे छोड़ा।घटना के बाद घायल मुरली राम रात करीब 12 बजे घर लौट आया, लेकिन अगले दिन उसकी हालत बिगड़ गई।

#### कोतबा से सुंदरगढ़ रेफर

परिजनों ने उसे इलाज के लिए सीएचसी कोतबा पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में ओडिशा के सुंदरगढ़ मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। वहां इलाज के दौरान 4 अप्रैल को उसकी मौत हो गई।

#### पीएम रिपोर्ट से खुला हत्या का राज

सुंदरगढ़ पुलिस द्वारा शव पंचनामा के बाद मामला जशपुर पुलिस को भेजा गया। जांच के दौरान पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सीने में गंभीर चोट के कारण मौत होना पाया गया, जिसके बाद इसे हत्या का मामला मानते हुए कोतबा चौकी पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी।

#### हमले वाला डंडा जब्त

पुलिस ने पूछताछ के दौरान पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर दोनों आरोपियों को 18 अप्रैल को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया। हत्या में प्रयुक्त डंडा भी जब्त कर लिया गया है।

## युवक पर क्रिकेट बैट से जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कांसाबेल थाना क्षेत्र के गंझूटोली में एक आशीर्वाद समारोह के दौरान एक युवक पर क्रिकेट बैट और मुक्कों से प्राणघातक हमला किया गया। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

जानकारी के अनुसार, देवसागर राम मिर्धा 16 अप्रैल की रात अपने बड़े पिता के लड़के शिवसागर मिर्धा के शादी आशीर्वाद समारोह में शामिल था। इसी दौरान आरोपी प्रिंस तिर्की और आर्यन तिर्की वहां पहुंचे और देवसागर को बातचीत के बहाने घर से बाहर बुलाया। बताया जा रहा है कि पूर्व में डीजे बंद करने की बात को लेकर इनके बीच विवाद हुआ था। इसी पुरानी रंजिश को लेकर आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। शोर सुनकर जब प्रार्थी के पिता लरसू राम मिर्धा बीच-बचाव करने पहुंचे, तो आरोपी और उग्र हो गए। विवाद के बीच ही तीसरा आरोपी जैकी यादव वहां पहुंचा। आरोप है कि प्रिंस और आर्यन ने देवसागर के साथ मारपीट शुरू की, तभी जैकी यादव ने जान से मारने की धमकी देते हुए अपने पास रखे क्रिकेट बैट से देवसागर के माथे पर जोरदार हमला कर दिया।

हमले में देवसागर को गंभीर चोटें आई हैं। घटना के बाद प्रार्थी की शिकायत पर कांसाबेल पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों के खिलाफ एफआईआर 0060/202 दर्ज की है। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 115 (2), 296, 351 (2), 3 (5) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पुलिस ने ट्रक से छुड़ाए 38 गौवंश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कांसाबेल क्षेत्र में गौ तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन शंखनाद के तहत पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने तस्करी कर ले जाए जा रहे 38 गौवंशों को एक ट्रक से मुक्त कराया है। कार्रवाई के दौरान चालक पुलिस को देखकर ट्रक छोड़कर जंगल में भाग निकला। पुलिस ने तस्करी में इस्तेमाल ट्रक क्रमांक जेएच- 02 - बीएम -4221 जब्त कर लिया है।

यह पूरी कार्रवाई शनिवार तड़के करीब 4:30 बजे हुई। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि पत्थलगांव-कांसाबेल मार्ग से एक ट्रक में भारी संख्या में गौवंशों को भरकर नेशनल हाईवे-43 के रास्ते ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही थाना कांसाबेल पुलिस ने वरिष्ठ अधिकारियों को जानकारी दी और बेला घाट में तत्काल नाकेबंदी कर दी। नाकेबंदी के दौरान संदिग्ध ट्रक सामने आया। पुलिस ने उसे रोकने का इशारा किया, लेकिन चालक वाहन रोकने के बजाय तेज रफ्तार में भाग निकला। इसके बाद पुलिस टीम ने पीछा शुरू किया। कुछ दूरी तक पीछा करने के बाद चालक नारायण बहली गांव के पास सड़क किनारे ट्रक छोड़कर जंगल की ओर फरार हो गया। पुलिस जब ट्रक तक पहुंची तो ट्रॉली को भूरे रंग की तिरपाल से ढंका गया था। तिरपाल हटाते ही पुलिस भी हैरान रह गई। ट्रॉली के भीतर 38 गौवंशों को ठूंस-ठूंसकर बेरहमी से भरा गया था। कई पशु घबराए हुए थे और हिलने-डुलने तक की जगह नहीं थी। पुलिस ने तुरंत सभी गौवंशों को सुरक्षित बाहर निकलवाया। पुलिस ने ट्रक क्रमांक जेएच-02-बीएम-4221 जब्त कर लिया है। मामले में थाना कांसाबेल में छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6 और 10 के तहत अपराध दर्ज किया गया है। ट्रक के दस्तावेजों और अन्य सुरागों के आधार पर तस्करों की पहचान की जा रही है।

## संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की बड़ी कार्रवाई, तीन नशे के सौदागर गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** नशे के कारोबारियों के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई में संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम को उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी जब टीम नशे के न सिर्फ तीन सौदागरों को पकड़ा बल्कि आरोपियों पास से 1704 नग नशीला कैप्सूल एवं 100 नग नशीला इंजेक्शन जब्त किया। तीनों आरोपियों को न्यायालय पेश किया गया जहां से जेल भेज दिया गया है।



शुक्रवार को सीतापुर क्षेत्र में गश्त कर रहे संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम ने मुखबिर की सूचना पर सीतापुर थाना अंतर्गत ग्राम कुम्हारपारा महेशपुर में दो आरोपी गौतम बनवासी एवं जगजीवन प्रजापति के कब्जे से 1704 नग नशीला कैप्सूल जब्त कर एनडीपीएस एक्ट की धारा के तहत कार्रवाई की। पूछताछ में गौतम बनवासी तथा जगजीवन प्रजापति ने बताया कि नशीली गोलियों को दरिमा क्षेत्र के बेलखरिखा निवासी शेख अयातुल्ला उर्फ भोलू खान से खरीदा था। साथ ही बताया कि भोलूखान शहर के बस स्टैंड में स्थित एक लॉज में रहकर नशीला इंजेक्शन कैप्सुल टेबलेट का सप्लाई कर रहा है।आरोपियों ने यह भी बताया कि भोलू खान सीतापुर थाने के एक हत्या के मामले में फरार चल रहा है। आरोपियों द्वारा बताए गए जानकारी पर टीम ने लॉज में दबिश देकर शेख अयातुल्लाह उर्फ भोलू खान को पकड़ा। टीम ने उसके पास से 100 नग नशीला इंजेक्शन बरामद किया। आबकारी उड़नदस्ता की टीम ने तीनों आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 सी, 22 सी एवं 29 के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से तीनों को जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई आईजी दीपक झा के मार्गदर्शन में सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता द्वारा की गई। कार्रवाई में साइबर टीम के अमित निकुंज, मुख्य आबकारी आरक्षक अशोक सोनी, रमेश दुबे, कुमारूराम, नगर सैनिक गणेश पांडे, रणविजय सिंह, महिला सैनिक चंद्रावती एवं नीरज चौहान सक्रिय रहे।

## वृद्धा की हत्या के मामले आधा दर्जन रिश्तेदार गिरफ्तार

**राजपुर।** जमीन का हिस्सा बटवारा नहीं करने से नाराज हुए रिश्तेदारों ने वृद्धा पर जानलेवा हमला कर दिया। मारपीट से गंभीर हुई वृद्धा की मौत हो गई। परिजन की रिपोर्ट पर पुलिस ने हत्या के मामले में शामिल आधा दर्जन रिश्तेदार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध मामला दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से सभी को जेल भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार बरियो पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम सिधमा निवासी कुलन राम आ. स्व. मोहरलाल (60 वर्ष) ने रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 15 अप्रैल को बेटा व बहू के साथ घर के समीप बाड़ी में लगाए मूंगफली फसल से घास निकालने गए थे जबकि पत्नी राजी बाई एवं नतनी पायल घर में थी। शाम 5 बजे नतनी पायल दौड़कर आई और बताई की दादी के साथ मारपीट कर रहे है। जिस पर कुलन तत्काल बेटा व बहू के साथ घर पहुंचे तो देखा संजय एवं उसकी पत्नी परमेश्वरी उर्फ पनेसरी, सरस्वती उर्फ बुधो एवं राजकुमारी उर्फ जुईया एवं उसका पति चैतू तथा फुलकुंवर सभी लोग जमीन हिस्सा बंटवारा को लेकर जमीन हिस्सा में नहीं देने पर मारपीट कर रहे थे। परिजन ने बीच बचाव किया तो सभी मौके से फरार हो गए। 16 अप्रैल को जब परिजन भतीजा के फलदान कार्यक्रम में गए थे तभी बेटा अमृत ने बताया कि मां की तबीयत ज्यादा खराब हो गई।

## निजी स्कूलों पर प्रशासन का निर्देश बेअसर, वसूल रहे मनमाना शिक्षण शुल्क

**अम्बिकापुर।** शिक्षा विभाग द्वारा जारी निर्देशों का निजी स्कूलों पर कोई प्रभाव पड़ता नहीं दिखाई दे रहा है। विभाग के कड़े निर्देशों के बावजूद निजी स्कूल प्रवेश के नाम पर अभिभावकों से मनमाना शुल्क वसूल रहे हैं साथ ही एनसीईआरटी की पुस्तकों के बदले में निजी प्रकाशकों की पुस्तकें खरीदने के लिए अभिभावकों को मजबूर कर रहे हैं। पुस्तक विक्रेता भी विभाग के निर्देशों के विपरीत अभिभावकों को एक साथ पाठ्यक्रम की पुस्तकें एवं कॉपियों का बंटल खरीदने के लिए बाध्य कर रहे हैं।




निजी स्कूलों के मनमानी की शिकायतें हर साल सामने आती है तथा विभाग भी इसके निराकरण की खानापूर्ति करते रहा है। पहली बार विभाग ने निजी स्कूलों की मनमानी से संबंधित शिकायतों को गंभीरता से लिया तथा प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ होने के पूर्व ही निजी स्कूलों के लिए प्रवेश से संबंधित निर्देशों को जारी करने के साथ ही स्कूलों को नियमों के अनुसार ही प्रवेश देने निर्देशित किकया था। विभाग ने स्कूलों को शासन के निर्देशानुसार शुल्क वृद्धि करने, विभिन्न मदों में शुल्क नहीं लेने, निजी प्रकाशकों की पुस्तकों के स्थान पर एनसीईआरटी की पुस्तकों को पाठ्यक्रम में शामिल करने के निर्देश दिए थे। डीईओ ने अभिभावकों की शिकायतों पर पुस्तक विक्रेताओं की भी बैठक ली थी तथा विक्रेताओं को अभिभावकों की जरूरत के अनुसार पुस्तक-कॉपियों का विक्रय करने, अन्यथा कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी थी। बैठक में पुस्तक विक्रेताओं ने एक स्वर से पुस्तक एवं कॉपियों का बंडल खरीदने के लिए मजबूर करने से इनकार किया था तथा इसकी गारंटी भी दी थी।वे अभिभावकों की जरूरत के अनुसार पुस्तक-कॉपियों का विक्रय करेंगे। प्रवेश प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब अभिभावक निजी स्कूलों द्वारा मनमानी पूर्वक निर्धारित शुल्क से अधिक फीस वसूलने के साथ ही अनावश्यक मदों में राशि वसूली है। स्कूलों ने एनसीईआरटी की पुस्तकों के स्थान पर अधिक कीमत की निजी प्रकाशकों की पुस्तकों को पाठ्यक्रम में शामिल किया है तथा पाठ्यपुस्तकों के लिए दुकान विशेष का निर्धारण किया है जहां अभिभावकों को पुस्तक एवं कॉपियों का बंडल खरीदने के लिए बाध्य किया गया है। विभाग ने अभिभावकों की शिकायतों की जांच कराई तो सभी शिकायतें सही पाई गई। जांच रिपोर्ट के आधार पर विभाग ने जिन बड़े निजी स्कूलों को नोटिस देकर जवाब तलब किया है साथ ही स्कूलों की मनमानी के विरूद्ध दण्ड भी निर्धारित किया है। पहली बार की गई विभाग की कार्रवाई से निजी स्कूलों में हड़कम्प मच गया है।

### अंतर्राज्यीय क्रिकेट प्रतियोगिता 25 से

**जशपुरनगर।** स्व. शत्रुंजय प्रताप सिंह जूदेव मेमोरियल फ्लड लाइट टेनिस बॉल अंतर्राज्यीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 25 अप्रैल से रणजीता स्टेडियम में किया जाएगा। प्रतियोगिता का आयोजन यंग तिरंगा समिति, जशपुर द्वारा किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में देश भर की टीमें हिस्सा ले सकती हैं। विजेता टीम को 3 लाख 11 हजार 111 रुपए का प्रथम पुरस्कार दिया जाएगा, जबकि उपविजेता टीम को 1 लाख 51 हजार 111 रुपए की राशि प्रदान की जाएगी। प्रतियोगिता फ्लड लाइट में आयोजित होगी, जिससे दर्शकों को रात में भी रोमांचक मुकाबले देखने का मौका मिलेगा। आयोजकों के अनुसार, प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रवेश शुल्क 11,500 रुपए रखा गया है। टीमों के रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 18 अप्रैल 2026 निर्धारित की गई है। आयोजन को लेकर जिले में उत्साह का माहौल है। स्थानीय क्रिकेट प्रेमियों के साथ-साथ बाहरी टीमों के आने से जशपुर में खेल गतिविधियों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। आयोजकों ने अधिक से अधिक टीमों से प्रतियोगिता में भाग लेने की अपील की है।

## मानकीकरण समिति की सातवीं बैठक में चर्चा उपरान्त लिए गए कई महत्वपूर्ण फैसले

**बिश्रामपुर।** कोल उद्योग से जुड़े लाखों कामगारों के भविष्य और सुविधाओं से जुड़ी महत्वपूर्ण मांगों पर आयोजित मानकीकरण समिति की सातवीं बैठक में व्यापक चर्चा व मंथन हुई। बैठक में श्रमिक नेताओं और प्रबंधन के बीच कई मुद्दों पर सकारात्मक सहमति बनती नजर आई, जिससे आने वाले समय में कर्मचारियों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।



बैठक में संगठन ने एक के बाद एक ऐसे मुद्दे उठाए, जो लंबे समय से कामगारों की परेशानी का कारण बने हुए थे। इनमें सबसे प्रमुख रहा जेबीसीसीआई-12 का जल्द गठन, जिस पर संगठन ने जोर देकर मांग रखी। यह मुद्दा कोयला उद्योग के वेतन और सेवा शर्तों से सीधे जुड़ा हुआ है। साल 2026 के लिए कर्मचारियों के ड्रेस कोड को भी अंतिम रूप दिया गया। पुरुष कर्मचारियों के लिए ग्रे शर्ट और ब्लैक पैंट, जबकि महिला कर्मचारियों के लिए मैरून और ब्लैक ड्रेस निर्धारित की गई है। यह बदलाव कार्यस्थल पर एकरूपता और पेशेवर छवि को मजबूत करेगा। बैठक में आश्रित रोजगार को लेकर भी अहम संशोधन किए गए। अब कामगार की मृत्यु की सूचना कंपनी को 3 माह के भीतर देना अनिवार्य होगा, वहीं रोजगार के लिए आवेदन 3 वर्षों के भीतर करना जरूरी होगा। इससे प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और समयबद्ध होगी। महिला सशक्तिकरण की दिशा में कदम बढ़ाते हुए विभागीय महिला सिक्योरिटी गार्ड की भर्ती में 4.8 फीट ऊंचाई को मंजूरी दी गई है, जिससे अधिक महिलाओं को रोजगार के अवसर मिल सकेंगे, जो कर्मचारी विभागीय अनुमति लेकर इलेक्ट्रिक सुपरवाइजर, माइनिंग सरदार या सर्वेयर की परीक्षा पास करेंगे, उन्हें अब एकमुश्त 1 लाख रुपए का प्रोत्साहन दिया जाएगा और संबंधित पद पर नियुक्ति भी मिलेगी,यह निर्णय कर्मचारियों को कौशल उन्नयन के लिए प्रेरित करेगा। लंबे समय से गंभीर बीमारी से जूझ रहे कर्मचारियों को लेकर संगठन ने मानवीय पहल करते हुए मांग रखी कि मेडिकल अनफिट घोषित होने तक उन्हें 100 प्रतिशत वेतन दिया जाए। प्रबंधन ने इस पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए जल्द निर्णय का आश्वासन दिया है। अब आईटीआई के बाद 2 साल का डिप्लोमा करने वाले कर्मचारियों को भी विभागीय पदोन्नति परीक्षा में शामिल होने का मौका मिलेगा। साथ ही पदोन्नति के बाद मिलने वाले इंक्रीमेंट पर भी 31 मई 2026 तक सकारात्मक निर्णय का भरोसा दिया गया है। ठेकेदारों के अधीन काम करने वाले मजदूर अब तक 40 लाख रुपए के बीमा लाभ से वंचित थे, इस गंभीर मुद्दे को उठाने पर प्रबंधन ने सभी मजदूरों के कॉरपोरेट सैलरी अकाउंट खोलने का आश्वासन दिया, जिससे उन्हें भी सुरक्षा का लाभ मिल सकेगा।

### 133 गांवों में लो वोल्टेज की समस्या होगी खत्म, लगेंगे अतिरिक्त ट्रांसफार्मर

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जिले को दी ऐतिहासिक सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के लोगों के लिए राहत भरी बड़ी खबर सामने आई है। लंबे समय से लो वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों को अब जल्द ही इस परेशानी से निजात मिलने वाली है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर जिले के 133 गांव, नगर एवं टोला-मुहल्लों में अतिरिक्त ट्रांसफार्मर स्थापित किए जाएंगे। जिससे जिले की बिजली आपूर्ति में सुधार होगा और ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार होने वाली बिजली की समस्या का स्थायी समाधान मिल सकेगा। खासकर किसानों, छात्रों और छोटे व्यवसायियों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जिले को विद्युत विकास के क्षेत्र में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है।400 केवी उपकेंद्र कुनकुरी के हर्राडांड में प्रदेश का 5वां सबसे बड़ा 400/220 केवी का अत्याधुनिक उपकेंद्र स्थापित किया जा रहा है।साथ ही नए सब-स्टेशन (33/11 ज्ञट): ये सब-स्टेशन सलिहाटोली, विपतपुर, भगोरा, समडमा, मैनी, रेड़े, पालीडीह, खुटेरा एवं चेटवा सहित अन्य स्थानों पर निर्मित किए जाएंगे।एवं उच्च क्षमता केंद्रदृ फरसाबहार और झिक्की बगीचा में 132/33 केवी के सब-स्टेशन स्वीकृत हैं।




#### विकास को मिलेगी नई गति

इन योजनाओं के लागू होने से बिजली की गुणवत्ता में सुधार होगा साथ ही लो वोल्टेज और ट्रिपिंग की समस्या खत्म होगी। औद्योगिक एवं कृषि कार्यों को गति मिलेगी तथा ग्रामीण जीवन स्तर में सुधार आएगा, विद्युत विभाग में बड़ी सौगात मिलने के बाद जिले भर में खुशी का माहौल है।स्थानीय लोगों ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त करते हुए इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में एक बड़ा कदम बताया है।

## लापरवाही पर स्वरंग किड्स एकेडमी पर एक लाख जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजिहा बोली में बात करने पर चार साल के बच्चे को प्रवेश देने से इंकार करने वाले पेशागी एजूकेशन सोसाइटी चोपड़ापारा में संचालित स्वरंग किड्स एकेडमी पर जिला शिखा अधिकारी ने एक लाख का जुर्माना अधिरोपित किया है। स्वयं को अभिजात्य वर्ग के बच्चो का संस्थान साबित करने वाली एकेडमी के संचालन पर भी प्रशासन ने रोक लगा दी है।

शहर के स्वरंग किड्स एकेडमी में सरगुजिहा बोली में बात करने पर एक बच्चे को एडमिशन नहीं दिया था। राज कुमार यादव ने अपने 4 साल के बेटे सत्यम का एडमिशन कराने स्वरंग स्कूल पहुंचे थे। प्रिंसिपल ने बच्चे को डेमो क्लास में भेजा था। प्रिंसिपल, शिक्षकों ने बच्चे से कुछ सवाल पूछा था जिसका जवाब बच्चे ने सरगुजिहा बोली में दिया था। प्रिंसिपल ने डेमो क्लास से निकलने के बाद यह कहकर बच्चे को नर्सरी कक्षा में प्रवेश देने से इंकार कर दिया था कि एकेडमी में बड़े घरों के बच्चे पढ़ते है तथा वे भी बच्चे से सरगुजिया बोलना सीख जाएंगे। एडमिशन देने से इंकार करने से परेशान परिजन ने मामले की शिकायत कलेक्टर अजीत बसंत से की थी।



# जावेद की टीवी पर होगी वापसी इस डांस रियलिटी शो में बनेंगे जज

**मुंबई।** दिग्गज अभिनेता जावेद जाफरी एक बार फिर टीवी की दुनिया में लौट रहे हैं। सोनी टीवी ने अपने चर्चित डांस रियलिटी शो 'इंडियाज बेस्ट डांसर सीजन 5' का प्रोमो जारी किया है, जिसमें अभिनेता को जज की कुर्सी संभालते देखा जाएगा। शो की थीम इंडिया वाला डांस होगी, जिसके जरिए प्रतियोगी देशभर की विविध नृत्य शैलियों को पेश करेंगे। जाहिर है कि जावेद 1996 में आए लोकप्रिय डांस शो 'बूगी वूगी' में जज रह चुके हैं। 'इंडियाज बेस्ट डांसर सीजन 5' के प्रोमो में जावेद कहते हैं, कभी सोचा है कि स्टेज 30 बाय 30 के स्टेज पर, क्या 140 करोड़ लोग नाच सकते हैं? बिल्कुल नाच सकते हैं। इंडियाज बेस्ट डांसर के स्टेज पर होगा 'इंडिया वाला डांस'। ऐसे में सारा इंडिया नाचेगा।

## लाइफ Style



# रश्मिका

## नई फिल्म 'मायसा' से उड़ाएंगी होश

एजेंसी ⏭ मुंबई

फिल्म के टीज़र में एक दमदार डायलॉग भी है, आखिरकार मौत का सामना मौत से हुआ, मेरी बेटी को मारने में नाकाम रही। यह लाइन फिल्म को लेकर दर्शकों की उत्सुकता और रहस्य को और बढ़ा देती है। यह एक महिला प्रधान पैन-इंडिया फिल्म है।


रश्मिका मंदाना अपनी नई फिल्म 'मायसा' में एकदम अलग अंदाज़ में नज़र आने वाली हैं। रॉविंद्र पुल्ले के निर्देशन में बनी यह फिल्म एक रहस्यमयी एक्शन थ्रिलर है, जिसकी कहानी जनजातीय क्षेत्रों पर आधारित है। रश्मिका के जन्मदिन पर, टीम ने फिल्म का एक बेहद दमदार पोस्टर जारी किया। इसी के साथ, निर्देशक रॉविंद्र पुल्ले ने सोशल मीडिया पर रश्मिका की मार्शल आर्ट्स ट्रेनिंग के बारे में एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें उन्होंने रश्मिका को 'द वेपन' बताया और इसे 'निशानों में लिखी हुई जंग' कहा। फिल्म के टीज़र में एक दमदार डायलॉग भी है, आखिरकार मौत का सामना मौत से हुआ, मेरी बेटी को मारने में नाकाम रही। यह लाइन फिल्म को लेकर दर्शकों की उत्सुकता और रहस्य को और बढ़ा देती है। यह एक महिला प्रधान पैन-इंडिया फिल्म है, जिसके लिए रश्मिका अपने दमदार किरदार में जान फूंकने के लिए मार्शल आर्ट्स की कड़ी ट्रेनिंग ले रही हैं। फिल्म के एक्शन सीक्वेंस इंटरनेशनल स्टंट एक्सपर्ट एंडी लॉन्ग डिजाइन कर रहे हैं। वहीं, श्रेयस पी कृष्ण विजुअल्स संभाल रहे हैं और संगीत जेक्स बेजॉय ने दिया है। 'मायसा' के अलावा, रश्मिका जल्द ही शाहिद कपूर और कृति सैनन के साथ 'कॉकटेल 2' में, और विजय देवरकोंडा के साथ 'रानाबाली' में भी नज़र आएंगी।

## हॉलीवुड मसाला



# मिर्याम बनकर पर्दे पर मचाएंगी तहलका

**लॉस एंजिल्स।** सिनर्स (सिनर्स) से मशहूर अभिनेत्री ली जुन ली सुपरहिट वेब सीरीज 'द लास्ट ऑफ अस' के तीसरे सीजन में मिर्याम का किरदार निभाएंगी, जो लेव और यारा की मां हैं। इस गर्मियों में शूटिंग शुरू होने वाली है। क्रेग मजिन, जो अब अकेले शो-रनर हैं, तबाही के बाद की इस हिट ड्रामा सीरीज की अगली कहानी को आगे बढ़ाएंगे। सीजन 3 में कास्ट और भी बड़ी हो गई है। इसमें एरियला बैरेर, तती गैब्रिएल और स्पेंसर लॉर्ड जैसे नाम लौट रहे हैं। इनके साथ ही, बेला रैमसे जैसे पुराने सितारे भी अपनी भूमिकाएँ निभाते दिखेंगे। इन नए जुड़ावों से फैंस को लेव और यारा की जिंदगी से जुड़ी और कहानियाँ देखने को मिलेंगी।




# 'टॉप गन 3' के साथ वापसी करेंगे टॉम क्रूज

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेता टॉम क्रूज अपनी आगामी फिल्म 'डिगर' को लेकर चर्चा बटोर रहे हैं, जिसमें उन्हें एक बुजुर्ग व्यक्ति के किरदार में देखा जाएगा। हालांकि, दर्शकों को लुभाने का उनका सिलसिला अभी खत्म नहीं होगा, क्योंकि अभिनेता 'टॉप गन' फ्रैंचाइजी की तीसरी किस्त के साथ फिर लौटेंगे। पैरामाउंट ने निर्माता जेरी ब्रूकहाइमर के साथ मिलकर इस फ्रैंचाइजी की वापसी की आधिकारिक घोषणा कर दी है। उन्होंने यह भी बताया कि फिल्म पर काम शुरू कर दिया गया है। अमेरिका के सिनेमाकॉन समारोह में, पैरामाउंट फिल्म के सह-प्रमुख जोश ग्रीनस्टीन ने 'टॉप गन 3' को लेकर बात की। उन्होंने कहा, फिल्म आधिकारिक तौर पर विकास के चरण में है, और इसकी पटकथा पर काम तेजी से चल रहा है।



# क्या हाथ लगेगी विक्की की महावतार...


**मुंबई।** 'छावा' की अपार सफलता के बाद, विक्की कौशल पौराणिक फिल्म 'महावतार' को लेकर चर्चा में हैं। अमर कौशिक की इस फिल्म में उन्हें भगवान विष्णु के छठे अवतार 'चिरंजीवी परशुराम' के किरदार में देखा जाएगा। पहले खबर थी कि निर्माता फिल्म में मुख्य अभिनेत्री के लिए दीपिका पादुकोण से बात कर रहे हैं। फिर श्रद्धा कपूर का नाम चर्चा में आया। अब इस भूमिका के लिए मिस यूनिवर्स 2021 रहीं हरनाज संधू का नाम सामने आ रहा है। परियोजना से जुड़े एक सूत्र ने बताया, फिल्म निर्माता 'महावतार' में विक्की कौशल के साथ एक नए चेहरे को कास्ट करके एक नई जोड़ी बनाना चाहते थे, और वे इस भूमिका के लिए हरनाज़ संधू से बातचीत कर रहे हैं। यह नई जोड़ी पंजाब के 2 मूल अभिनेताओं को एक साथ लाएगी।



# वरुण और कृति का धमाकेदार डांस...

**मुंबई।** कृति सैनन और वरुण धवन अपनी आने वाली फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' में एक बार फिर साथ दिखेंगे। फिल्म के आखिर में एक धमाकेदार डांस सीक्वेंस होगा, जिसमें ये दोनों नज़र आएंगे। डेविड धवन के निर्देशन में 16 अप्रैल को शूट किया गया यह ज़बरदस्त सीन फिल्म को एक मज़ेदार और यादगार विदाई देगा। यह फिल्म 22 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म में वरुण धवन, मृणाल ठाकुर और पूजा हेगड़े मुख्य किरदारों में हैं। वहीं, कृति सैनन इस पोस्ट-क्रेडिट सीक्वेंस में एक कैमियो करती दिखेंगी। यह स्पेशल डांस नंबर फिल्म के युवा अंदाज़ को दर्शाता है और इसमें सैनन-धवन की शानदार केमिस्ट्री भी देखने को मिलेगी। इसके अलावा, वरुण और मृणाल पर फिल्माया गया गाना 'विवाह करवाडो जी' भी ऑनलाइन काफी पॉपुलर हो रहा है।

## टीवी मसाला




# खतरों के खिलाड़ी-15 में शहनाज तान्या व गौरव समेत कई सेलिब्रिटी लेंगे रिस्क

एजेंसी ⏭ मुंबई

**मुंबई।** रियलिटी टीवी शो खतरों के खिलाड़ी के 14 सीजन लाइव हो चुके हैं। वहीं फैंस अब इसके 15वें सीजन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसको लेकर काफी समय से चर्चा भी हो रही है। हालांकि अब खतरों के खिलाड़ी 15 जल्दी ही रिलीज होने वाला है। इसके लिए पहले मेकर्स ने प्रोमो भी जारी किया था। हालांकि ये प्रोमो एआई पर आधारित था। इस प्रोमो में कंटेस्टेंट्स का चेहरा नहीं दिखाया गया था। वहीं अब खतरों के खिलाड़ी सीजन 15 के कंटेस्टेंट्स की जानकारी सामने आई है।

### नजर आएंगे दिग्गज एक्टर्स

मीडिया रिपोर्ट्स की मानें, तो इस बार दर्शकों को अपने कुछ बेहतरीन और पसंदीदा एक्टर्स देखने को मिल सकते हैं। खतरों के खिलाड़ी सीजन 15 में बिग बॉस 13 में अपनी बातों, अदाओं और टैलेंट से दिलों पर राज करने वाली शहनाज गिल नजर आने वाली हैं। इसके साथ ही बिग बॉस 17 फेम समर्थ जुरेल और बिग बॉस 19 के विजेता गौरव खन्ना और बिग बॉस 19 फेम तान्या मित्तल भी इस सीजन में नजर आने वाली हैं। इतना ही नहीं खतरों के खिलाड़ी सीजन 15 में मशहूर कोरियोग्राफर और डायरेक्टर फराह खान के पति शिरीष कुंदर भी नजर आ सकते हैं।

### कब शुरू होगा खतरों के खिलाड़ी 15?

सोशल मीडिया पर जानकारी मिली है कि खतरों के खिलाड़ी सीजन 15 की शूटिंग मई में शुरू होने वाली है। वहीं शो जून या जुलाई में आने की उम्मीद है। हालांकि मेकर्स ने अब तक इसकी रिलीज डेट को लेकर कोई खुलासा नहीं किया है। वहीं अब धीरे-धीरे मेकर्स सभी कंटेस्टेंट्स के फेस रिवील कर सकते हैं।

# उधार की कलम से सिगरेट के फॉयल पर लिखा गाना हो गया अमर

**मुंबई।** सुरों की कोकिला कही जाने वाली लता मंगेशकर ने एक ऐसा गाना गाया, जो अमर बन गया। आज भी जब ये गाना बजता है तो लोगों के रोंगटे खड़े हो जाते हैं लेकिन इसे लिखे जाने के पीछे की कहानी कुछ ऐसी है कि आप जानकर चौंक जाएंगे। चलिए जानते हैं कि इस गीत को कैसे लिखा गया।

### कौन सा है गाना?

हम जिस गाने की बात कर रहे हैं। उसके बोल हैं 'ऐ मेरे वतन के लोगों'। इसमें आवाज दी थी लता मंगेशकर ने और इसके बोल लिखे थे कवि प्रदीप ने। इसके अलावा इसे सी.रामचंद्र द्वारा संगीतबद्ध किया गया था। इस गाने को पहली बार 27 जनवरी 1963 को दिल्ली के नेशनल स्टेडियम में लता मंगेशकर द्वारा पहली बार लाइव गाया गया था। यह गीत 1962 के भारत-चीन युद्ध के शहीदों को समर्पित था।



### कैसे लिखा गया गाना?

यह गाना कवि प्रदीप द्वारा लिखा गया था। उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया था कि साल 1962 के दौरान भारत चीन से युद्ध हार गया था। सभी देशवासियों और सैनिकों का मनोबल कम हो रहा था। उसी वक्त गीतकार-कवि प्रदीप मुंबई में शाम को समुद्र किनारे टहल रहे थे। तभी उनके दिमाग में एक गाना आया, जिसे लिखने के लिए उनके पास कलम नहीं था और कागज भी नहीं था। तभी उन्होंने एक आदमी से उधार की कलम ली और अपने जेब से सिगरेट का डिब्बा निकाला। फिर उसके फॉयल पर गाना लिख दिया। वह गाना कोई और नहीं, बल्कि 'ऐ मेरे वतन के लोगों' रहा।

# बॉक्स ऑफिस पर होगा सीक्वल और फ्रैंचाइजी का बोलबाला, धाक जमाने आएंगी ये फिल्में...

*मुंबई। साल 2026 फिल्म फ्रैंचाइजी और लंबे समय से प्रतीक्षित सीक्वल के लिए सौगात बनकर आया है। आने वाले महीनों में कई फिल्में रिलीज होने के लिए तैयार हैं जो न सिर्फ अपनी पहली किस्त को आगे बढ़ाएंगी, बल्कि कुछ नए किरदारों का दर्शकों से सामना भी कराएंगी। इस सूची में अजय देवगन से लेकर शाहिद कपूर तक की बहुप्रतीक्षित सीक्वल फिल्में शामिल हैं। चलिए इन फिल्मों और इनकी रिलीज तारीख के बारे में जानते हैं।*

**'दृश्यम 3':** अजय अपनी 2 अक्टूबर की परंपरा को कायम रखते हुए 'दृश्यम' फ्रैंचाइजी की तीसरी कड़ी के साथ लौटेंगे। इसका पहला भाग 2015 में और दूसरा भाग 2022 में रिलीज किया गया था। अक्टूबर, 2026 में विजय सलगांवकर (अजय) अपने परिवार को पुलिस की नजरों से बचाने के लिए आ रहे हैं। उनके साथ तब्बू, श्रिया सरन और इशिता दत्त जैसे सितारे अपने किरदारों में वापसी करेंगे। इस भाग को परिवार के अस्तित्व की कहानी का अंत माना जा रहा है।



**'कॉकटेल 2' और 'खोसला का घोसला 2':** शाहिद, रश्मिका मंदाना और कृति सैनन अभिनीत 'कॉकटेल 2' 19 जून, 2026 को रिलीज होने वाली है, जिसका निर्देशन होमी अदजानिया ने किया है। यह 2012 में रिलीज 'कॉकटेल' की दूसरी कड़ी है, जिसमें सैफ अली खान, दीपिका पादुकोण और डायना पेंटी जैसे सितारे थे। 'खोसला का घोसला' की टोली भी दूसरी कड़ी लेकर लौट रही है। फिल्म में अनुपम खेर, बोमन ईरानी के साथ पुराने सभी चेहरे फिर से दिखेंगे। यह फिल्म 28 अगस्त, 2026 को रिलीज होगी।

**'आवारापन 2' और 'धमाल 4':** इमरान हाशमी अपनी सुपरहिट फिल्म 'आवारापन' के सीक्वल को लेकर खूब चर्चा बटोर रहे हैं। फिल्म की शूटिंग लगभग खत्म होने की कगार पर है। इसमें अभिनेता के साथ दिशा पाटनी नजर आएंगी। नितिन कक्कड़ द्वारा निर्देशित यह फिल्म अगस्त, 2026 में सिनेमाघरों में आ सकती है। इसके अलावा, 'धमाल' फ्रैंचाइजी की टोली भी इस साल जुलाई में लौटने को तैयार है। अजय, रितेश देशमुख, अरशद वारसी और जावेद जाफरी समेत अन्य सितारे इस फिल्म का फिर से हिस्सा हैं।

## बॉलीवुड में 2026 की तीसरी सबसे बड़ी ओपनिंग का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया

# 'भूत बंगला' ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर गाड़े झंडे

**मुंबई। अक्षय कुमार और प्रियदर्शन की सुपरहिट जोड़ी ने 14 साल बाद पर्दे पर वापसी करते हुए बॉक्स ऑफिस पर शानदार वापसी की है। फिल्म 'भूत बंगला' ने अपने पहले ही दिन उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन किया है। फिल्म की इस शुरुआत ने इस साल रिलीज हुईं कई फिल्मों को पीछे छोड़ दिया है। लंबे इंतजार के बाद अक्षय अपनी पसंदीदा शैली हॉरर-कॉमेडी में वापस लौटे हैं। आइए जानें उनकी इस फिल्म ने पहले दिन कितने करोड़ रुपये कमाए हैं।**

### पहले दिन फिल्म ने की इतनी कमाई

अक्षय की 'भूत बंगला' पहले दिन रणवीर सिंह की 'धुरंधर 2' या सनी देओल की 'बॉर्डर 2' को टक्कर नहीं दे पाई। हालांकि, इसने शाहिद कपूर की ओ'रोमियो से लेकर रानी मुखर्जी की 'मर्दानी 3', वीर दास की 'हैप्पी पटेल' और 'अस्सी' जैसी 2026 में रिलीज हुई अन्य फिल्मों को पीछे छोड़ दिया है और बॉलीवुड में 2026 की तीसरी सबसे बड़ी ओपनिंग का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। फिल्म ने पहले दिन 15.75 करोड़ रुपये कमाए हैं।

### आसपास भी नहीं टिक पाईं ये फिल्में

अक्षय ने 'ओ'रोमियो' (9.01 करोड़) और श्रीराम राघवन की बहुचर्चित 'इक्कीस' (7.28 करोड़) जैसी फिल्मों को बड़े अंतर से पछाड़ दिया है। रानी मुखर्जी की 'मर्दानी 3' भी भूत बंगले के सामने टिक नहीं पाई और महज 4 करोड़ पर सिमट गई। 'दो दीवाने शहर में', 'हैप्पी पटेल', 'अस्सी' और 'राहु केतु' जैसी फिल्में 1-1.25 करोड़ के बीच संघर्ष करती रहीं। अक्षय के 'भूतिया' जादू के आगे इन फिल्मों की चमक फीकी पड़ गई।



### एडवांस बुकिंग और पेड प्रीव्यू में भी 'भूत बंगला' का जलवा

'भूत बंगला' ने घरेलू एडवांस बुकिंग के जरिए ही 3.32 करोड़ का कारोबार कर लिया था, जिसने फिल्म की मजबूत ओपनिंग के संकेत दे दिए थे। फिल्म के लिए आयोजित किए गए पेड प्रीव्यू को दर्शकों का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला, जिससे फिल्म की झोली में 3.50 करोड़ और आ गिरे। यही कारण है कि फिल्म की पहले दिन की कुल कमाई बढ़िया नजर आ रहा है। फिल्म वीकेंड पर भी बड़े रिकॉर्ड बना सकती है।

### फिल्म में अक्षय ने जीते दिल

इस फिल्म में अक्षय के साथ वामिका गब्बी, तब्बू, परेश रावल और राजपाल यादव जैसे कलाकार नजर आ रहे हैं। दर्शकों के लिए भावुक पल तब आता है, जब वे पर्दे पर दिवंगत अभिनेता असरानी को देखते हैं। मिथिला पारकर और जीशु सेनगुप्ता भी अपने-अपने किरदार में जंचे हैं। हालांकि, इस फिल्म की सबसे बड़ी यूएसपी अक्षय कुमार की कॉमिक टाइमिंग और डबल रोल है। उनका गेटअप इतना अलग है कि दर्शक देखते रह जाते हैं।

## खबर संक्षेप



### क्रिएटर्स के साथ ओपी ने साझा किया अनुभव

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ डिजिटल डेमोक्रेसी डायलॉग में शामिल वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने देश प्रदेश के कंटेंट क्रिएटर्स के साथ अपने अनुभव साझा करते हुए समाज में कंटेंट क्रिएटर्स की भूमिका पर विचार व्यक्त किए और बेहतर समाज के लिए छत्तीसगढ़ व बदलते बस्तर से जुड़ी योजनाओं की जानकारी साझा की।

### नवीन मंडी का हुआ उद्घाटन



**सरसीवा।** बिलाईगढ़ विधानसभा अंतर्गत भटगांव मंडल स्थित ग्राम पंचायत रोहिना, देवसागर, सलिहाघाट एवं धाराशिव में नवीन मंडी का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के निवर्तमान जिला अध्यक्ष एवं भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुभाष जालान ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर सुभाष जालान ने कहा कि यह मंडी क्षेत्र के किसानों के लिए बड़ी सौगात है, जिससे उन्हें अपने कृषि उत्पादों का उचित मूल्य मिलेगा और व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। सीएम विष्णुदेव साय की जन कल्याणकारी नीतियों के तहत नवीन मंडियों का शुभारंभ किया गया। भाजपा जिला मंत्री रेवती चंद्रा मंडल अध्यक्ष धीरज सिंह, महामंत्री द्वय श्याम लाल साहू, खेलन सिंह यादव, जगदीश साहू, नप अध्यक्ष विक्रम कुर्रे, उपाध्यक्ष प्रदीप देवांगन, महेत्तर श्रीवास, सोमेश बंजारे, नारायण साहू, रूप सिंह साहू, मनहरन साहू, युवा मोर्चा अध्यक्ष कमल पटेल, उमा साहू, मंडल उपाध्यक्ष श्रीमती हार बाई कुर्रे, सरपंच ठाकुरदिहा श्रीमती कुंती साहू, रविन्द्र सिंग बनाफर, परमेश्वर साहू, गुलशन महिलाने, पार्षदगण प्रदीप यादव, रामकुमार सिदार, महादेवा यादव, सहित बड़ी संख्या में किसान एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### नीले रंग में रंगा घरघोड़ा जयंती पर दिखी एकता

**घरघोड़ा।** परमपूज्यनीय भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती इस वर्ष घरघोड़ा में ऐतिहासिक उत्साह श्रद्धा और भव्यता के साथ मनाई गई। पूरा नगर नीले रंग में रंगा नजर आया और हर ओर जय भीम के गगनभेदी नारे गूंजते रहे। कार्यक्रम की शुरुआत हाई स्कूल मैदान से बीआर ब्रदर धूमाल की दमदार प्रस्तुति के साथ हुई, जिसने माहौल को ऊर्जा और जोश से भर दिया। इसके बाद विशाल रैली का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। रैली में शामिल लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा था। रैली की खास आकर्षण रही विभिन्न सांस्कृतिक झांकियां और लोक नृत्य प्रस्तुतियां। कर्मा नृत्य, फगुरम और सुआ नृत्य ने पारंपरिक संस्कृति की झलक पेश की, वहीं भगवान बुद्ध, जोड़ा जैत खाम और बाबा साहेब डॉ. आंबेडकर की सजीव झांकियों ने सभी का मन मोह लिया। झांकियों के माध्यम से सामाजिक समरसता, समानता और शिक्षा के संदेश को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। यह भव्य रैली हाई स्कूल मैदान से प्रारंभ होकर कारगिल चौक, जयस्तंभ चौक होते हुए अम्बेडकर चौक पहुंची, जहां कार्यक्रम का समापन हुआ। पूरे मार्ग में जगह-जगह लोगों ने रैली का स्वागत किया और श्रद्धा के साथ बाबा साहेब को नमन किया। अम्बेडकर चौक पर आयोजित सभा में वक्ताओं ने बाबा साहेब के जीवनए उनके संघर्ष और संविधान निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान को याद करते हुए समाज को उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। वक्ताओं ने शिक्षा, समानता और अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। इस आयोजन ने न केवल बाबा साहेब के प्रति लोगों की गहरी आस्था को प्रदर्शित किया, बल्कि सामाजिक एकता और जागरूकता का भी सशक्त संदेश दिया।

### एमआईसी सदस्य और पार्षदों ने भी निभाई जिम्मेदारी

# महापौर ने भरा जनगणना ऑनलाइन स्व गणना फॉर्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

देशव्यापी जनगणना 2026-2027 प्रक्रिया के तहत नगर निगम क्षेत्र में ऑनलाइन स्व.गणना की शुरुआत हो चुकी है। इसी क्रम में महापौर जीवर्धन चौहान, सभापति डिग्री लाल साहू, एमआईसी सदस्यों एवं पार्षदगणों ने स्वयं ऑनलाइन जनगणना स्व गणना फॉर्म भरकर नागरिकों को जागरूक करने का संदेश दिया।

नगर निगम कार्यालय में आज जनप्रतिनिधियों ने ऑनलाइन माध्यम से स्व गणना फॉर्म भरते हुए इस प्रक्रिया को सरल, सुरक्षित और समय की बचत करने वाला बताया। निर्धारित अवधि के भीतर स्वयं अपना जनगणना फॉर्म भरकर इस राष्ट्रीय कार्य में भागीदारी निभाने की बात कही। महापौर जीवर्धन चौहान ने कहा कि जनगणना देश के विकास की आधारशिला है। इससे प्राप्त आंकड़ों के आधार पर शासन द्वारा विभिन्न योजनाओं का निर्माण और क्रियान्वयन किया जाता है। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन स्व गणना की सुविधा नागरिकों के लिए एक बड़ा अवसर है, जिससे वे घर बैठे आसानी से अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। उन्होंने शहर के सभी नागरिकों से 16 से 30 अप्रैल के बीच अनिवार्य रूप से ऑनलाइन जनगणना स्वगणना अपना फॉर्म भरने की अपील की।



स्व गणना फार्म भरते महापौर एवं एमआईसी सदस्य।

#### स्वगणना आईडी को रखना होगा सुरक्षित

शहर एवं जिले के सभी लोग पोर्टल लिंक पर जाकर जनगणना ऑनलाइन स्वगणना फॉर्म भर सकते हैं। पोर्टल लिंक सुबह 6 बजे से रात 12 तक खुली रहती है। इस दौरान कभी भी डिजिटल ऑनलाइन फॉर्म स्वगणना भरा जा सकता है। फॉर्म भरने के बाद इसमें संशोधन के भी ऑप्शन दिए जाते हैं, जिसे एक बार जरूर पढ़ना चाहिए। यदि भरी गई जानकारी में कुछ त्रुटि है तो इसे आवश्यक सुधार कर लिखे और पुनः फाइनल सबमिट करें।

### शिविर में किया 2540 आवेदनों का निराकरण

**सारंगढ़।** बीते 1 से 15 अप्रैल तक राजस्व पखवाड़ा का आयोजन किया गया। जिले के सभी तहसीलों के ग्राम पंचायतों में शिविर लगाया गया। जिला प्रशासन सारंगढ़ बिलाईगढ़ द्वारा आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण हेतु संचालित राजस्व पखवाड़ा अभियान के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। अभियान के प्रथम चरण में कुल 2540 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गयाए जिससे आम नागरिकों को त्वरित राहत प्राप्त हुई है। राजस्व पखवाड़ा के अंतर्गत जिले के विभिन्न ग्रामों एवं शहरी क्षेत्रों में शिविर आयोजित कर भूमि संबंधी प्रकरणों जैसे सीमांकन, नामांतरण, बंटवारा एवं त्रुटि सुधार के साथ साथ आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र सहित अन्य राजस्व मामलों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जा रहा है। कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने कहा कि राजस्व पखवाड़ा आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान का एक सशक्त माध्यम बनकर उभरा है। शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक पात्र आवेदक को समयबद्धए पारदर्शी एवं संतोषजनक निराकरण प्रदान करना प्रशासन की प्राथमिकता है। शिविर आधारित व्यवस्था से लोगों को उनके क्षेत्र में ही सेवाएं उपलब्ध हो रही हैं।



## उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया वार्षिकोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

एनटीपीसी लारा की महिलाओं की सामाजिक संगठन प्रेरिता महिला समिति का वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि परियोजना प्रमुख सुभाष ठाकुर एवं अध्यक्षा प्रेरिता महिला समिति श्रीमती रेखा ठाकुर द्वारा केशब चंद्र सिंघा रॉय, महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण एवं श्रीमती रूपा सिंघा रॉय, उपाध्यक्ष प्रेरिता महिला समिति तथा अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन कर किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए श्रीमती रेखा ठाकुर ने समिति की वार्षिक कार्य योजना की रूपरेखा प्रस्तुत की तथा समाज कल्याण कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से करने की इच्छा व्यक्त की। सांस्कृतिक कार्यक्रम की श्रृंखलाव में श्नृत्य धारा युगों से आज तक थीम पर महिलाओं द्वारा आकर्षक प्रस्तुति पेश की गईं, जिसमें चार युगों सत्य युग, त्रेता युग, द्वापर युग और कलयुग की यात्रा को खूबसूरती से दिखाया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य, पंजाबी डांस और हरियाणवी डांस और पुराने फिल्म गीत पर रेट्रो डांस की शानदार परफॉर्मेंस शामिल थीं, जो कि भारतीय संस्कृति की विभिधता में एकता की भावना को दिखाया गया था। इसके साथ कर्मचारियों के लिए मजेदार गेम्स ने भी सेलिब्रेशन में खुशी और हंसी बढ़ा दी, जिससे इवेंट और भी दिलचस्प हो गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि सुभाष ठाकुर ने समिति की सामुदायिक विकास की कार्यों की सराहना करते हुए इसको और प्रशस्त और व्यापक करने के लिए आग्रह किया। इस अवसर पर समिति की उपाध्यक्ष श्रीमती संध्या मिश्रा, तृप्ति पाएगी, महा सचिव श्रीमती ममता साहू समेत सभी सदस्याएं उनके परिजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज के प्रदर्शन का असर, डीए का आदेश

**बिलाईगढ़।** छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज का एक दिवसीय धरना प्रदर्शन 20 मार्च का असर पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में रहा। राज्य शासन 3 प्रतिशत लम्बित मंगाई भत्ते की राशि 1 जनवरी से एरियर्स सहित जारी किए जिसका लाभ भी मिलने लगा है।

छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज की बैठक दिनांक 16 अप्रैल 26 को दानी राम वर्मा सेवानिवृत प्राचार्य शासकीय जे आर दानी कन्या उत्तर माध्यमिक शाला रायपुर के मुख्य अतिथ्य एवं प्रांत अध्यक्ष चेतन भारती की अध्यक्षता आर एल देव अध्यक्ष नगरी, बी एल चंद्राकर उपाध्यक्ष एवं अध्यक्ष बिलाईगढ़ सारंगढ़ गालव कुमार साहू, अध्यक्ष बालोद के विशेष उपस्थिति में सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। इस बैठक में 40 से अधिक पेंशनर संघ ने विभिन्न इकाइयों से अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम में प्रान्तीय इकाई के आगामी चुनाव के बारे में चर्चा की गई जिसका कार्यकाल 31 अगस्त 2026 तक है के पहले चुनाव संपन्न किए जाने की चर्चा की गई



इसके लिए पेंशनर समाज के उपाध्यक्ष श्याम बिहारी अग्रवाल को चुनाव अधिकारी एवं रघुनंदन लाल वर्मा उपाध्यक्ष पलारी को सहायक चुनाव अधिकारी के रूप में मनोनीत किया गया। कार्यक्रम में त्रैमासिक पत्रिका पेंशनर्स चिंतक अंक एक 2026 का अतिथियों द्वारा विमोचन किया गया, कार्यक्रम में उपस्थित विभिन्न इकाइयों के प्रभारी को नरेंद्र सिंह साहू एवं चंद्रशेखर नायडू द्वारा पत्रिका वितरित किया गया।

### ऑनलाइन आवेदन में त्रुटि सुधार 21 अप्रैल तक

**सारंगढ़।** कक्षा 9वीं प्रवेश के लिए सभी वर्ग के विद्यार्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन 17 अप्रैल तक आमंत्रित किया गया था। विद्यार्थी द्वारा आवेदन करने में यदि कोई त्रुटि हुई है तो 21 अप्रैल तक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग में उपस्थित होकर त्रुटि सुधार किया जा सकता है। 21 अप्रैल के बाद त्रुटि सुधार के लिए मौका नहीं मिलेगा और आवेदन निरस्त पर समस्त जिम्मेदारी संबंधित विद्यार्थी की होगी। प्रयास आवासीय विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक उत्कृष्ट स्कूली शिक्षा के साथ साथ सीए, सीएस, सीएमए, क्लैट तथा एनडीए जैसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की विशेष तैयारी कराई जाती है।

## पुसौर में पानी की किल्लत, सोशल मीडिया में पार्षद कर रहे मांग

**पुसौर।** नगर पंचायत पुसौर में इन दिनों पानी की किल्लत है। इसके लिए सोशल मीडिया पर अपने-अपने वार्ड में पानी नहीं मिलने को लेकर मांग की जा रही है। साथ ही सुझाव भी दे रहे हैं। दूसरी ओर नगर पंचायत प्रबंधन अपने व्यवस्था को लेकर आश्वस्त है, लेकिन नहीं मिल रहे पानी के लिए आम लोगों के साथ साथ पार्षद भी मुखर होकर नगर पंचायत के कार्य प्रणाली पर सवाल खडे कर रहे हैं।

पुसौर नगर पंचायत के बीजेपी पार्षद आकेश बेहरा ने नगर पंचायत के कर्मचारियों को आरोप लगाया है कि इन कर्मचारियों को समस्या को हल करने नहीं बल्कि समस्या को



बरकरार रखने में मजा आता है। इसी कड़ी में अपने वार्ड में पानी की हो रहे किल्लत और उसके समाधान के संबंध में जनजागरण मंच में साझा करते हुए कहा कि बाजार परिसर में 4 नलकुप चालू हालत में है जिसे नगर पंचायत के कर्मचारी बंद है का हवाला देते हैं। इन नलकुपों से साफ एवं मीठा पानी मिलता है इसके सप्लाई करने से कई वार्डों के लोगों को पानी के किल्लत से निजात मिल सकता है। सोषल मिडिया में इन्होंने बाजार के अटल चौक में बकायदा विडीयो जारी करते हुए इस तथ्य को प्रमुखता से रखा और जहां जहां नलकुल स्थापित है उसे भी अवगत कराया है। जिसे नगर पंचायत के कर्मचारियों ने बखुबी देखा भी है। इधर सीएमओ ने ललित साहू ने आरोपों को बेबुनियाद बता रहे हैं। उन्होंने कहा कि पुसौर वासी यदि अपने अपने नलों में टोटी लगा दे तो पानी की समस्या हल हो सकती है।

## ग्रामीणों को मिली प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की सौगात, मुख्यमंत्री ने किया वर्चुअल भूमि पूजन

**कोसीर।** सरकार की महत्वकांक्षी योजना प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का ग्रामीण आंचलों में लगातार विस्तार हो रहे हैं और गांव कस्बा से कस्बा शहर से जुड़ रहे हैं। यह ग्रामीण आंचलों के लिए एक सौगात है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, मंत्री टंकराम वर्मा और मंत्री ओपी चौधरी की विशेष वर्चुअल भूमि पूजन कार्यक्रम में कई सड़कों की भूमि पूजन हुआ।

सारंगढ़ जिला पंचायत में वर्जुअल भूमि पूजन में सारंगढ़ जिला पंचायत के अध्यक्ष संजय भूषण पाण्डेय, जिला पंचायत सीईओ, सारंगढ़ विधायक श्रीमती




उत्तरी जांगड़े सहित जिला के अधिकारी जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य भाजपा के कार्यकर्ता इस वर्जुअल कार्यक्रम में शामिल हुए। सारंगढ़ विधानसभा क्षेत्र की तीन महत्वपूर्ण सड़कों का भूमिपूजन मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के द्वारा वर्चुअल माध्यम से किया गया। जिन मार्गों का भूमिपूजन हुआ उसमें रिवापार से डंगनिया तक पहुँच मार्ग, कनकबीरा से नरेशनगर तक पहुँच मार्ग, नवाडीह से गंधराचुवा तक पहुँच मार्ग इन विकास कार्यों की सौगात मिलने से क्षेत्रवासियों में उत्साह है। सारंगढ़ जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 07 की जनपद सदस्य श्रीमती हेमा विश्वनाथ बसंत ने खुशी जाहिर करते हुए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है। अपने जनपद क्षेत्र रिंवापार से डंगनिया तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के लिए मंत्री टंकराम वर्मा एवं मंत्री ओपी चौधरी को जून 2025 में पत्र लिख कर सड़क की मांग की थी जो आज पूरी हुई है। यह मार्ग अब गांवों को जोड़ने के साथ साथ आवा जाहि में भी सरल होगा। रिंवापार से डंगनिया पहुंच मार्ग की लंबाई 1.50 किलो मीटर है इस कार्य के लिए 108.57 लाख की स्वीकृति हुई है। लंबे बाद यह सड़क बनेगा।

## लापरवाही की हद, बरहागुड़ा चौक डिवाइडर पर चढ़ा ट्रक

**चंद्रपुर।** नगर पंचायत चंद्रपुर के पास राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच 153 प्रस्तावित 216 पर स्थित बरहागुड़ा चौक अब हादसों का नहीं, बल्कि मौत का अड्डा बन चुका है। हैरानी की बात यह है कि लगातार खबरें प्रकाशित होने के बावजूद संबंधित अधिकारी गहरी नींद में सोया हुआ है।

हाल ही में एक बार फिर तेज रफ्तार ट्रक डिवाइडर पर चढ़ गई। यह कोई पहली घटना नहीं है बल्कि यह उस लापरवाही की जीती जागती मिसाल है, जो हर दिन किसी न किसी की जान लेने को तैयार बैठी है। गनीमत रही कि इस बार कोई बड़ी जनहानि नहीं हुई, लेकिन सवाल यह उठता है क्या विभाग किसी की मौत का इंतजार कर रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि बरहागुड़ा चौक पर सुरक्षा के नाम पर कुछ भी नहीं है। न कोई चेतावनी संकेतक, न डिवाइडर पर रेडियम या रिफ्लेक्टर, और न ही कोई स्पीड ब्रेकर। रात के अंधेरे में यह चौक और भी खतरनाक हो जाता है, जहां अचानक



शुरू होता डिवाइडर सीधे मौत को न्योता देता है। एक महीने पहले भी यहां बड़ा हादसा होते होते बचा था, लेकिन तब भी जिम्मेदारों के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी। अब सवाल उठ रहा है कि आखिर किसके दबाव में या किस लापरवाही के चलते विभाग आंख मूंदे बैठा है। लोगों में गुस्सा साफ दिख रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि अगर जल्द ही यहां स्पीड ब्रेकर, साफ सुथरे संकेतक बोर्ड और रिफ्लेक्टर नहीं लगाए गए तो वे आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।

## दशकर्म में गया था परिवार, चोरों ने साफ कर दिया जेवर और नकदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरमकेला

थाना क्षेत्र के ग्राम झनकपुर में 14 अप्रैल को दिनदहाड़े हुई चोरी की वारदात ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। घर के सभी सदस्य कार्यक्रम में गए हुए थे, जिसका फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने सुनसान मकान को निशाना बनाया और लाखों के गहनों पर हाथ साफ कर दिया। घटना के कई दिन बीत जाने के बावजूद पुलिस के हाथ अब तक कोई ठोस सुराग नहीं लगा है, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी और भय का माहौल बना हुआ है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम झनकपुर निवासी विकास सिंह गौतम 14 अप्रैल की सुबह करीब साढ़े 7 बजे अपने पूरे परिवार के साथ ग्राम कोदवा में आयोजित दशकर्म कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। घर पूरी तरह से खाली था, जिसका फायदा उठाते हुए चोरों ने दिनदहाड़े वारदात को अंजाम दिया। करीब दोपहर 12 बजे मकान के ऊपरी हिस्से में किराए से रहने वाले अशोक कुमार देहरी ने देखा कि घर




का मुख्य दरवाजा खुला हुआ है। उन्हें शक हुआ तो उन्होंने तुरंत विकास सिंह को फोन कर इसकी जानकारी दी। विकास सिंह के कहने पर किरायेदार अशोक कुमार देहरी ने पड़ोसी शेखर तिवारी के साथ घर के अंदर जाकर देखा। अंदर का दृश्य देख दोनों के होश उड़ गए अलमारियां टूटी हुई थीं, सामान इधर उधर बिखरा पड़ा था और लॉकर को तोड़ दिया गया था। सूचना मिलते ही परिवार तत्काल घर पहुंचा, जहां मुख्य दरवाजे का ताला गायब मिला। इससे साफ हो गया कि चोर ताला तोड़कर अंदर घुसे और आराम से चोरी की घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। चोरों ने घर के दो कमरों को खास तौर पर निशाना बनाया। इसमें माता पुष्पा सिंह के कमरे से लगभग 12 हजार के पुराने सोने के आभूषण चोरी हो गए। अंजना सिंह पत्नी, विशाल सिंह गौतम के कमरे से करीब 2 लाख 85 हजार रुपए के सोने चांदी के गहने पार कर दिए गए। इस प्रकार कुल मिलाकर करीब 2 लाख 97 हजार रुपए के कीमती आभूषण अज्ञात चोर लेकर फरार हो गए।

## किण्डर वैली प्ले स्कूल में उतरा बचपन, छई छपा छई

**रायगढ़।** आंखों पर स्टाइलिश रंगीन चश्मा रंग बिरंगी स्विमिंग ड्रेस पहने नन्हे मुन्नों की खिलखिलाहट और चेहरे पर छुट्टियों की बेइंतहा खुशी कुछ ऐसा ही नजारा था शहर के रामलीला मैदान स्थित किण्डर वैली प्ले स्कूल का। शनिवार को स्कूल परिसर में पढ़ाई की जगह सिर्फ और सिर्फ उत्साह का शोर सुनाई दे रहा था। गर्मी की लंबी छुट्टियों पर जाने से पहले स्कूल प्रबंधन ने बच्चों के लिए समर कार्निवल का विशेष आयोजन किया।

कैंपस में सजी पूल पार्टी में जहां बच्चों ने छई छपा छई के साथ पानी में जमकर गोते लगाए, वहीं फ्रूट्स पार्टी की छोटी छोटी मेजों पर सजे ताजे फलों ने इस पूरे आयोजन को सेहत और स्वाद से भर दिया। इस आयोजन को सफल बनाने में नम्रता चौहान, खुशबू जोगी, दिव्या यादव,



अहिल्या निषाद और काजल ने सराहनीय भूमिका निभाई। स्टॉफ ने न केवल बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की, बल्कि उनके साथ खुद भी बच्चा बनकर उनकी हर छोटी बड़ी खुशी में हिस्सा लिया। स्कूल का यह सत्र इन मीठी यादों के साथ संपन्न हुआ और अब बच्चे अपनी गर्मी की छुट्टियों के लिए पूरी तरह तैयार हैं। आयोजन के दौरान स्कूल परिसर को किसी आधुनिक थीम पार्क की तरह सजाया गया था। बच्चों के मनोरंजन के लिए बनाए गए फोटो बूथ पर मासूमों का उत्साह देखते ही बनता था।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव), धारी देवी, चोपता
07 मई, 11 मई,
25 मई, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त